प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 12 फरवरी, 2025 :-

(1) ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025: माननीय राज्यपाल ने वीरता पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को दी शुभकामनाएँ

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज कॉकरेल इकोलॉजिकल पार्क एवं प्रशिक्षण क्षेत्र, दीपाटोली, रांची में आयोजित ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों से भेंट की तथा उनके साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रसेवा में समर्पित वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि भारतीय सेना के वीर योद्धा देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हैं, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने वीर सैनिकों एवं उनके परिजनों को

बधाई देते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र को आप सभी पर गर्व है।

इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, गणमान्य अतिथि एवं सैनिक परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

---

(2) माननीय राज्यपाल महोदय के निदेशानुसार राज भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु दिनांक 6 फरवरी से 12 फरवरी, 2025 तक खोला गया था। आज 54243 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। 226609 लोगों ने इस वर्ष राज भवन, रांची उद्यान का भ्रमण व परिदर्शन किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, राँची जाकर जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास हुए विस्फोट में हजारीबाग के शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि भारत माता के इस वीर सपूत का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा।